# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक :24.01.2025

## प्रकाशनार्थ

**दिनांक 24.01.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज गोरखपुर एवं अभियान थिएटर ग्रुप, गोरखपुर के बीच रंगमंच के प्रचार–प्रसार सहित व्यक्तित्व विकास हेतु थिएटर क्लब गठन हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह, आई.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर प्रो. परीक्षित सिंह, मुख्य नियंता डॉ. राम प्रसाद यादव एवं श्री नारायण पाण्डेय, अध्यक्ष, अभियान थिएटर ग्रुप, गोरखपुर की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ।**

**समझौता ज्ञापन के** पश्चात **अध्यक्ष, श्री नारायण पाण्डेय,** ने कहा की विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का सर्वाधिक सशक्त माध्यम रंगमंच होता है। रंगमंच से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सौहार्द की भावना, सामजिकता, कल्पनाशीलता, एकाग्रता, आत्मविश्वास, टीम भावना, त्याग की भावना विपरीत परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता आदि का विकास होता है। हमारी संस्था आपके प्रतिष्ठित, महाविद्यालय में रंगमंच के प्रचार–प्रसार एवं व्यक्तित्व विकास हेतु रंगमंचीय प्रशिक्षण देना चाहती हैं, जो पूरी तरह निशुल्क होगा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश सिंह ने महाविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में स्किल उन्नयन हेतु हमे अन्य संस्थानों के साथ जुड़कर कार्य करना होगा। महाविद्यालय इस दिशा में निरंतर अग्रसर है।

**इस अवसर पर डॉ. पवन पांडेय, डॉ. राम प्रसाद यादव, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. मुदित दुबे, सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।**

**उक्त कार्यक्रमों की जानकारी मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ शैलेश कुमार सिंह ने दी।**

**(डॉ. शैलेष कुमार सिंह)**
**सूचना एवं मीडिया प्रभारी**